विचारार्थ विषय

परियोजना एसोसिएट - (टीकाकरण) / एक पद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- एडी सिरिंजों तथा कोल्ड चेन संभार-तंत्र सहित सामान्य टीकारण कार्यक्रम से संबंधित टीका और संभार-तंत्र आपूर्तियों की निगरानी में उपायुक्त प्रभारी कार्यक्रम प्रभाग की सहायता करना।
- सार्वभौमिक टीकारण कार्यक्रम के अंतर्गत टीका और संबंधित संभार-तंत्र अनुमान लगाना तथा इसके अनुमोदन के लिए मांग सूची तैयार करना / अनुवर्ती कार्रवाई करना तथा इनका खरीद प्रभाग और एजेंसियों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- आरआई से संबंधित संभार-तंत्र की खरीद के संबंध में संबंधित विभागों / हितधारकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर विनिर्माताओं और माल प्रेषित करने वालों के साथ वैक्सिन स्टॉफ की अनुवर्ती कार्रवाई में एमओएचएफडब्ल्यू की सहायता करना।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर वैक्सीनों और संबंधित संभार-तंत्र की स्टॉफ स्थिति से संबंधित रिकार्डों का अनुरक्षण करना तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अधिकारियों को वैक्सीन आपूर्तियों से संबंधित समय पर चेतावनी देना।
- आईपीवी, रोटा वायरस और पीसीवी वैक्सीन जैसी नई दवाइयों को शुरु करने से संबंधित दवा की मात्रा / अनुमान लगाने में सहायता करना तथा राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित सरकारी प्रक्रिया के अनुसार नए प्रेषिति का सृजन करना तथा आपूर्ति स्थिति की निगरानी करना।
- सभी स्तरों पर दवाई के अपव्यय तथा बफर स्टॉक की निगरानी करना तथा सुधारात्मक कार्रवाई का सुझाव देना।
- आपूर्ति श्रृंखला की निगरानी और मूल्यांकन के लिए राज्यों का क्षेत्रीय दौरा करना।
- बजट का समेकन करने मे सहायता करना तथा दवाइयों तथा अन्य संभार-तंत्र के लागत समायोजन से संबंधित दृष्टिकोण उपलब्ध कराना।
- टीकों पर सूचना का एकत्रीकरण, संकलन और विश्लेषण के लिए प्रयोक्ता अनुकूल साधनों का विकास करना।
- शीघ्र पुन: प्राप्ति के लिए आरआई रिपोर्टों को अद्यतन बनाना और संजोकर रखना।
- टीओआर से संबंधित बैठकों के कार्यवृत्त का प्रलेखन करने में सहायता करना तथा बैठकों के दौरान सहमत कार्य-निदेशकों पर नियमित अनुवर्ती कार्रवाई करना।

- सुपरवाइजर द्वारा सौंपे गए अनुसार अन्य कोई कार्य / कार्यकलाप करना। उपर्युक्त सभी कार्यों का नियमन समयबद्ध ढंग से करना।

पात्रता:

- प्रबंधन या अन्य किसी संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री / डिप्लोमा।
- विशेषकर वैक्सीन, सीरिंज और कोल्ड चेन की सामान्य टीकाकरण संबंधी आपूर्तियों की योजना बनाने और अनुरक्षण में और संबंधित संभार-तंत्र आपूर्ति श्रृंखला में योजना और समन्वय में न्यूनतम 5 वर्ष का राष्ट्रीय स्तर का अनुभव।
- राष्ट्रीय स्तर पर वैक्सीन और संबंधित स्टॉक का समन्वय, विश्लेषण और निगरानी में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।
- कंप्यूटर एप्लीकेशनों विशेषकर एमएस ऑफिस का ज्ञान और दक्षता। भारत सरकार की कार्यशैली का ज्ञान होने से चयन में अतिरिक्त लाभ मिलेगा।
- अंग्रेजी लिखने एवं बोलने का अच्छा ज्ञान और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान अपेक्षित है।
- राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य हो या जब-कभी विशिष्ट महत्व का कार्य अनुभव हो।

आयु: दिनांक 1/4/2016 को अधिकतम सीमा 45 वर्ष।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 55,000/- 70,000/- रुपए के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **pa.immunization@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।